भारत सरकार
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 190

उत्तर देने की तारीख 06 दिसम्बर, 2013

ब्रॉडबैंड निगम लिमिटेड की स्थापना

190. श्री मोहम्मद अली खान :
श्रीमती टी. रत्नाबाई :

क्या संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में ब्रॉडबैंड निगम लिमिटेड की स्थापना कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा0 (श्रीमती) कृपारानी किल्ली)

(क) और (ख) : सरकार ने राष्ट्रीय ऑप्टीकल फाइबर नेटवर्क (एनओएफएन) परियोजना के निष्पादनार्थ एक विशेष प्रयोजन कम्पनी अर्थात् भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड की स्थापना की है। भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड को 25.02.2013 को निगमित किया गया है और इस समय यह एक क्रियाशील इकाई है।

*****